# भारतीय ड्रॉप रोबॉल महासंघ

## खेल के नियम


**HEAD OFFICE:-**

Gali No.-1, Ekta Colony, Rohtak (Haryana)-124001,
(NCR Delhi) India

Website :- www.droproball.com | E –mail :- droproball@gmail.com

Contact No. :- +91 9355229006, +91 9896696955, +91 7988667105,

लेखक

# ईश्वर सिंह आचार्य

B.A., M.A. ( Phy. Ed.), C.P.Ed,
Vidyavachaspati, Y.T.T.C,
NDDY, CIS Kabaddi

© Reserved with the author

# Success way of DRFI

**Joining Together with me DREAM**
**Staying Together for the PROGRESS**
**And Working Together for the SUCCESS**




**Drop Roball is Modern Game**
**It is time to play it,**
**Enhance it and**
**To Gain high Achievement**



**ईश्वर सिंह आचार्य**

संस्थापक
ड्रॉप रोबॉल खेल

# प्रस्तावना...

खेल सबके लिए की भावनाओं को पूरा करने के लिए मैंने राष्ट्रीयहित के लिए एक खेल का आविष्कार करने का विचार किया। कई वर्षों के शोध व पुरुषार्थ के बाद 28 अक्तूबर 2008 को ''ड्रॉप रोबॉल'' के नाम से इस खेल को नियमबद्ध करके इसे आधुनिक रूप देकर इसकी शुरूआत वेद मॉडल स्कूल, कलानौर, रोहतक, हरियाणा प्रदेश से की गई। वर्ष 2009 में ड्रॉप रोबॉल फेडरेशन का गठन करके इस खेल का प्रचार - प्रसार किया गया।

नया खेल नई उम्मीदें जगाता है। यह खेल स्वास्थ्य, मनोरंजन एवं प्रतियोगिता तीनों के लिए उपयुक्त है, जो सीखने में सरल चोट और भय से मुक्त, सीमित साधनों व सरल खेल नियमों और आसानी से उपलब्ध खेल मैदानों में खेला जा सकता है। इसे सिंगल, डबल, ट्रिपल, सुपर इवेन्ट व मिक्स डबल में खेला जाता है। ड्रॉप रोबॉल खेल दो टीमों के बीच में नेट के दोनों ओर बॉल को टप्पा देकर हथेली के द्वारा खेला जाता है। इस को अंकों के द्वारा तीन से पाँच सेटों में खेला जाता है।

इस खेल की तकनीकी शैली और खेल कौशल युवा पीढ़ी को आकर्षित करने वाली है।

मैं उन सभी खेल प्रेमियों व सहयोगियों का ऋणि रहूँगा, जिन्होंने इस खेल को विकसित करने के लिए मेरा मनोबल बढ़ाया व सहयोग किया। मैं खेल, खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों के उज़्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ करता हूँ।

# ड्रॉप रोबॉलः- खेल के नियम

## अनुक्रम


1. **श्रेणियों का वर्गीकरणः-**
    1.1 श्रेणियां
    1.2 खेल में खिलाड़ियों की संख्या
2. **आयु वर्ग एवं पोशाकः-**
    2.1 आयु वर्ग
    2.2 पोशाक
3. **खेल मैदानः-**
    3.1 खेल का मैदान
    3.2 जाल व पोल
    3.3 गेंद (बॉल)
4. **खेल का आचरणः-**
    4.1 खेल का आरम्भ
    4.2 सर्विस
    4.3 खेल में गेंद
    4.4 अंक लेना, सेट तथा मैच जीतना
    4.5 खिलाड़ी की स्थिति एवं विरोध
    4.6 टाइम-आऊट व खिलाड़ी स्थानापन्न
    4.7 खेल अवधि
    4.8 डिस-क्वालीफिकेशन
5. **मुख्य गलतियांः-**
    5.1 साधारण गलतियां
    5.2 सर्विस दौरान गलतियां
6. **खेल अधिकारीः-**
    6.1 कुल अधिकारी
    6.2 अधिकारियों के कर्त्तव्य
    6.3 रेफरी
    6.4 सहायक रेफरी
    6.5 स्कोरर
    6.6 लाइन मैन
    6.7 पोशाक अधिकारी
7. **अधिकारी संकेतः-**
    7.1 संकेत
8. **खेल शब्दावलीः-**
9. **खेल कौशलः-**
10. **स्कोर सीटः-**

## 1. श्रेणियों का वर्गीकरण

**1. श्रेणियां :-**

1. सिंगल
2. डबल
3. ट्रिपल
4. मिक्स डबल
5. सुपर इवेन्ट

**2. खेल में खिलाड़ियों की संख्या:-**

1. सिंगल – कुल संख्या खिलाड़ी 1, कोई प्रतिस्थापन नहीं।
2. डबल – कुल संख्या खिलाड़ी 4, दो खिलाड़ी खेलने वाले दो प्रतिस्थापन।
3. ट्रिपल – कुल संख्या खिलाड़ी 6, तीन खिलाड़ी खेलने वाले तीन प्रतिस्थापन।
4. मिक्स डबल – कुल संख्या खिलाड़ी 2 लड़के + 2 लड़कियां
   1 लड़का + 1 लड़की खेलने वाले,
   1 लड़का + 1 लड़की प्रतिस्थापन।
5. सुपर इवेन्ट: कुल संख्या खिलाड़ी 9, छः खिलाड़ी खेलने वाले तीन प्रतिस्थापन।

**नोट:-** 1. ड्रॉप रोबॉल खेल में खिलाड़ियों की संख्या 13/16 लड़के और 13/16 लड़कियाँ होगी।

2. ड्रॉप रोबॉल खेल प्रतियोगिता में ट्रिपल या सुपर इवेन्ट में से किसी एक श्रेणी में खिलाड़ी खेल सकते हैं।

## 2. आयु वर्ग व पोशाक:

**2.1 आयु वर्ग:**

1. सब जूनियर – अंडर 15 वर्ष
2. जूनियर – अंडर 18 वर्ष
3. यूथ – अंडर 21 वर्ष
4. सीनियर

**नोट:-** 1. ड्रॉप रोबॉल का खिलाड़ी राष्ट्रीय या अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आयु वर्ग के अनुसार एक ही प्रतियोगिता में भाग ले सकता है।

**2.2 पोशाक:-**

1. इस खेल में पुरूषों के लिए हाफ पेंट/निकर, हाफ शर्ट अथवा जर्सी पहनी जाती है। महिलाओं के लिए स्कर्ट/हाफ पेंट एवं हाफ शर्ट अथवा जर्सी पहनी जाती है। यह पोशाक ऐसे कपड़े की होनी चाहिए जो लचीला हो एवं पसीना सोखने वाली ज्यादा सुविधाजनक रहती है। ड्रॉप रोबॉल के खिलाड़ियों के लिए जूतें रबड़ तले के जिनमें एड़ी नही होनी चाहिए और जुराबें पहनी होनी चाहिए।


# 3. खेल मैदान


## 3.1 मैदानः-


इस खेल का मैदान कैप्सूल आकार में होगा।


1. मैदान की सीधी लाइनों की लम्बाई 52 फुट और चौड़ाई 24 फुट रहेगी।
2. मैदान की सर्कल लाइन से सर्कल लाइन की लम्बाई 57 फुट 5 ईंच रहेगी।
3. मध्य लाइन से सर्विस प्वाइंट की दूरी 15 फुट रहेगी।
4. मध्य लाइन से सर्कल लाइन की दूरी 28 फुट 8 ½ ईंच रहेगी और लॉबी की चौड़ाई 2 फुट रहेगी।
5. मैदान को 3 भागों में बांटा गया है सर्विस लॉबी, सर्विस एरिया और राऊण्ड स्मैश एरिया।
6. सिंगल और मिक्स डबलः- मैदान में सीधी लाइनों की लम्बाई 52 फुट, चौडाई 20 फुट
7. डबल, ट्रिपल एवं सुपर इवेन्टः- मैदान में सीधी लाइनों की लम्बाई 52 फुट, चौडाई 24 फुट
8. खेल मैदान को नेट (जाल) द्वारा दो भागों में विभाजित किया जाता है।
9. साईड तथा सर्कल लाइन खेल मैदान का हिस्सा है। लाइनों की मोटाई 5 से.मी. रहेगी।
10. खेल क्षेत्र जो कि खेल के दौरान उपलब्ध रहेगा, साईड लाइनों से 9 फुट तथा सर्कल लाइनों से 12 फुट तक रहेगा। इंडोर के लिए छत की ऊंचाई 25 फुट होनी चाहिए।

**नोटः-** 1. रात के समय मैच के दौरान लाईट के पोल की ऊंचाई 12 से 14 फुट होनी चाहिए। पोल साईड लाइन से 10 फुट व सर्कल लाइन से 13 फुट की दूरी पर होना चाहिए।




DROP ROBALL GROUND
Extra Player
Team Coach
Line Man
Referee
2 Feet
Service Point 3 Feet
9 Feet
24 Feet
42 Feet, Width
Round Smash Area
Service Area
Middle Line
Net Line 24 Feet
Service Area
Round Smash Area
12 Feet
Service Lobby
15 Feet
Pole Height 4.½ Feet
52 Feet
Line Man
Team Coach
Extra Player
Official Table
81 Feet 5 Inch , Length


DROP ROBALL GROUND
Extra Player
Team Coach
Line Man
Referee
2 Feet
Service Point 3 Feet
9 Feet
24 Feet
42 Feet, Width
Round Smash Area
Service Area
Middle Line
Net Line 24 Feet
Service Area
Round Smash Area
12 Feet
Service Lobby
15 Feet
Pole Height 4.½ Feet
52 Feet
Line Man
Team Coach
Extra Player
Official Table
81 Feet 5 Inch , Length


DROP ROBALL GROUND
Extra Player
Team Coach
Line Man
Referee
2 Feet
9 Feet
Service Point 3 Feet
24 Feet
42 Feet, Width
Round Smash Area
Service Area
Middle Line
Net Line 24 Feet
Service Area
Round Smash Area
12 Feet
Service Lobby
15 Feet
Pole Height 4.½ Feet
52 Feet
Line Man
Team Coach
Extra Player
Official Table
81 Feet 5 Inch , Length

### 3.2 नेट (जाल) व पोल (खम्बे) :-

1. खेल क्षेत्र में साईड लाइनों के बीच जाल पोल में टांगा जाएगा। नेट को सेंटर लाइन के ऊपर लम्बाई में दो गोल खम्भों के मध्य में लगाया जायेगा।
2. नेट (जाल) की लम्बाई 24 फुट और चौड़ाई 2 फुट होनी चाहिए।
3. पोल नेट का हिस्सा है। खम्भे 1 ½ से 2 इंच गोल रहेंगें, जो जाल को सहारा देंगें। जमीन से खम्भों की ऊंचाई 4 ½ फुट की रहेगी।

### 3.3 गेंद (बॉल) :-

1. इस खेल में गेंद का आकार गोल होता है। गेंद का घेरा 16 इंच और वजन 160 से 165 ग्राम रहेगा। डी.आर.एफ.आई. द्वारा प्रमाणित गेंद को खेल में प्रयोग किया जाएगा।
2. ड्रॉप रोबॉल खेल में बॉल का रंग लाल व हल्का नीला रहेगा।

## 4. खेल का आचरण

### 4.1 खेल का आरम्भ:-

1. जिस टीम का खिलाड़ी टॉस जीतता है उसके पास सर्विस या साईड में से एक चुनने का विकल्प होता है।
2. डी.आर.एफ.आई. द्वारा सेटों के बीच में 2 मिनट के विश्राम का समय है। यदि कोई टीम अपने मैच के समयानुसार उपस्थित नहीं होती हैं तो दूसरी टीम को वाक ओवर दे दिया जाएगा, जिसका उत्तरदायित्व टीम प्रबन्धक व टीम कप्तान का होगा।

### 4.2 सर्विस

1. रेफरी की सीटी बजने के बाद खिलाड़ी सर्विस प्वाइंट से सर्विस करेगा। गेंद को जमीन पर टप्पा देकर हथेली से हिट करके विरोधी टीम के पास भेजेगा।
2. रेफरी की सीटी की आवाज के बाद खिलाड़ी को 5 सेकेण्ड के समय में ही सर्विस करनी होगी।
3. सर्विस करते समय कोई भी खिलाड़ी अपनी पोजीशन नहीं बदलेगा और सर्विस करते वक्त गेंद नेट को छू जाए या कोर्ट से बाहर गिरे तो विरोधी टीम को एक अंक मिलेगा।
4. सर्विस सदैव अंक प्राप्त करने वाली टीम के खिलाड़ी द्वारा दी जाएगी।
5. सर्विस वाली गेंद का टप्पा विरोधी टीम के कोर्ट क्षेत्र के मध्य में सर्विस एरिया में जमीन पर गिरे।
6. मिक्स डबल में लड़की ही सर्विस करेगी।
7. डबल, ट्रिपल व सुपर इवेन्ट्स में सर्विस खिलाड़ी द्वारा रोटेशन में करनी होगी।
8. एक सेट पूरा होने पर हारने वाली टीम सर्विस करेगी।

**नोट:-** 1. सर्विस दो प्रकार से होगी, ड्रॉप सर्विस, और रो सर्विस।
2. लेफ्टी (बाएं हाथ से सर्विस करने वाला) खिलाड़ी मैदान के सर्विस प्वाइंट से विपरीत सर्विस प्वाइंट पर खड़ा होकर सर्विस करेगा।
3. नई सर्विस खेलने के लिए किसी भी टीम को अंक नहीं मिलेगा। जिस टीम के खिलाड़ी ने सर्विस की है उसी के द्वारा नई सर्विस दी जाएगी।

## 4.3 खेल में गेंदः-

1. गेंद को केवल एक टप्पा देकर हथेली से खेलकर नेट के पार विरोधी टीम के खिलाड़ी के पास भेजना होगा।
2. खिलाड़ी द्वारा सही ढंग से बॉल को खेला जाए, तो गेंद खेल कोर्ट के अंदर ही ग्राउन्ड को स्पर्श करेगी।
3. खिलाड़ी द्वारा खेली गई गेंद लाइनें व सर्कल लाइनों को छू लेती है, तो उसे खेल में माना जायेगा।
4. गेंद को खेल क्षेत्र में टप्पा लगने के बाद ही खिलाड़ी द्वारा बॉल को खेला जाएगा।
5. गेंद को एक ही समय में टीम का एक ही खिलाड़ी खेल सकता है।
6. खिलाड़ी गेंद को अपने निर्धारित क्षेत्र में ही खेल सकता है।
7. गेंद खेल के दौरान नेट को छूकर वापस उसी टीम के खेल कोर्ट में टप्पा खाती है, तो उसे खेल में माना जाएगा और खिलाड़ी उस गेंद को दोबारा खेल सकता है।
8. यदि कोई बाहर की वस्तु खेल कोर्ट को या गेंद को स्पर्श करती है तो न्यू सर्विस की जायेगी।

**नोटः-** 1. खेल में बॉल सिर से ऊंचाई पर हो तो खिलाड़ी उस बॉल को अपने हाथ को घुमाते हुए बॉल पर प्रहार कर सकता है। लेकिन हथेली जमीन के समानान्तर होनी चाहिए।

2. गेंद की आकृति बदलने पर बॉल का वापिस आना और उस बॉल को ठीक ढंग से न खेल पाना डैड बॉल माना जाएगा। इसे पुनः न्यू सर्विस से खेला जाएगा।

## 4.4 अंक लेना / सेट तथा मैच जीतनाः-

1. खेल के दौरान कोई भी खिलाड़ी एक गलती करता है तो विरोधी टीम को एक अंक मिलेगा।
2. सर्विस करने वाले खिलाड़ी द्वारा सर्विस वाली बॉल को ठीक ढंग से न खेलने पर विरोधी टीम को एक अंक मिलेगा।
3. सभी नियमों को विजयी सेटों तक खेला जाएगा। एक सेट उस टीम द्वारा जीता जाता है जो एक अंक की बढ़त के साथ पहले अंक प्राप्त करता है। जैसाः 11-10, 15-14, 21-20 आदि।
4. खेल के दौरान तीन सेटों में से एक-एक सेट जीत लेते हैं तो तीसरे सेट को खेल रही दोनों टीमें कुल अकों के हॉफ से एक अंक की बढ़त पर मैदान बदले जाएगें
5. सभी मैच तीन सेटों में खेले जाएगें जो टीम दो सेट जीत लेती है वह मैच विजेता होगी।

## 4.5 खिलाड़ी की स्थिति एवं विरोधः-

1. सिंगल में खिलाड़ी अपने कोर्ट में सर्विस गेंद को खेलने के लिए ग्राउन्ड के मध्य में सर्विस प्वाइंट पर खड़ा रहेगा।
2. डबल में खिलाड़ी अपने कोर्ट में सर्विस गेंद को खेलने के लिए खिलाड़ी नम्बर एक सर्विस प्वाइंट और खिलाड़ी नम्बर दो सर्किल लाइन के पास खड़ा रहेगा।
3. ट्रिपल में सर्विस करने वाला खिलाडी नम्बर एक माना जायेगा। शेष खिलाड़ी को नम्बर तीन और नम्बर दो माना जाएगा।
4. मिक्स डबल में लड़की नम्बर एक व लड़का नम्बर दो माना जायेगा। लड़की आगे खेलेगी और लड़का सर्विस एरिया के पीछे खेलेगा।

5. सुपर इवेन्ट्स में मैच पांच सेटों में खेला जाएगा। सुपर इवेन्ट्स में दोनों टीमों के 3-3 खिलाड़ी एक सेट खेलेंगें फिर 3-3 खिलाड़ी दूसरा सेट खेलेंगें। जब तक एक टीम तीन सेट नहीं जीत लेती तब तक सभी खिलाड़ी अपने-अपने सेटों में खेलते रहेंगें। पांचवें सेट में कुल अंकों के हाफ के बाद दूसरे तीन खिलाड़ी खेलेंगें।

**नोटः-** 1. किसी टीम को विरोधी टीम के प्रति कोई आपत्ति व विरोध है तो उस टीम के मैनेजर / कप्तान द्वारा 60 मिनट के अन्दर अपना विरोध लिखित में टूर्नामेन्ट चीफ को निर्धारित शुल्क सहित जमा करवाना होगा।

2. सभी खिलाड़ी मैदान में अपने निर्धारित स्थान पर ही बॉल खेलेगें।

## 4.6 टाइम-आउट / खिलाड़ी स्थानापन्नः-

1. प्रत्येक टीम को प्रति सेट में 30 सेकेण्ड का एक टाइम-आउट दिया जायेगा। टीम कोच व खिलाड़ी रेफरी से इसकी मांग करेगा ।
2. टाइम-आउट के लिए अनुरोध उस समय किया जाएगा, जब गेंद खेल में न हो।
3. हर सेट में दो खिलाड़ियों को बदला जा सकता है। कोच व खिलाड़ी के अनुरोध पर ही बदला जा सकता है। स्थानापन्न के लिए रेफरी से अनुरोध करना होगा, जब गेंद खेल में न हो।
4. तकनीकी समस्या होने पर रेफरी व सहायक रेफरी टाइम-आउट ले सकते हैं। तकनीकी सहयोग के लिए मैच में घन्टी या सीटी बजानी होगी।

**नोटः-** 1. स्थानापन्न खिलाड़ी सर्विस प्वाइंट से ही मैदान के अंदर व बाहर निकलेगा और टाईम-आउट के समय खिलाड़ी खेल मैदान को नहीं छोड़ेगा।

## 4.7 खेल अवधिः-

1. खेल आमतौर पर लगातार चलता रहेगा। सभी मैच तीन या पांच सेटों में खेले जाएगें।
2. सभी मैच 11, 15, 21 अकों के खेले जाएगें।
3. मौसम खराब होने के कारण या अन्य किसी कारण खेल बीच में बंद करना पड़े तो इसे उसी कोर्ट पर जिस हाल में रूका था, पुनः चालू किया जा सकता है। रूके हुए खेल को चार घन्टे के बाद पुनः नई सर्विस से खेल चालू करवाया जाएगा।

## 4.8 डिस-क्वालिफिकेशनः-

1. यदि कोई खिलाड़ी खेल के नियमों का पालन नहीं करता है तो रेफरी उसे चेतावनी, अंक का खोना और सेट या मैच के लिए बाहर निकल सकता है।
2. खेल के दौरान टीम कोच व खिलाड़ी लगातार कोई भी अनुचित व्यवहार करता है तो उस टीम को मैच से बाहर किया जा सकता है और विरोधी टीम के पक्ष में मैच दिया जा सकता है।

**नोटः-** 1. मैच के दौरान यदि कोई टीम कोच / खिलाड़ी रेफरी के साथ अनुशासनहीनता करता है या मैच में बाधा डालता है रेफरी उस कोच को पहले चेतावनी देगा, उसके बाद पुनः ऐसा करने पर पीला कार्ड दिखाया जाएगा, फिर भी न मानने पर उसे लाल कार्ड से चेतावनी देकर मैच से बाहर कर दिया जाएगा।

2. मैच के दौरान टीम कोच व अतिरिक्त खिलाड़ी अपनी सीट पर बैठे रहेंगें। सीट को छोड़कर कोई भी अनुचित व्यवहार करते हैं तो उनके खिलाफ नियमानुसार उचित कार्यवाही की जाएगी

## 5. मुख्य-गलतियाँ

### 5.1 साधारण गलतियाँः-

1. खेल के दौरान ग्राउन्ड में गेंद का एक से अधिक टप्पा लगना।
2. गेंद को हथेली व पैरों के पंजे से ठीक ढंग से न खेलना।
3. सर्विस वाली गेंद नेट को छूना ।
4. गेंद को एक साथ दो खिलाड़ियों द्वारा खेलना ।
5. गेंद का जमीन पर टप्पा लगने से पहले हवा में खेलना ।
6. खिलाड़ी द्वारा नेट को छूना ।
7. सर्विस वाली गेंद का टप्पा विरोधी टीम के कोर्ट के मध्य में सर्विस प्वाइंट के सामने न गिरना।
8. जानबूझकर विरोधी के खेलने में बाधा डालना।
9. रोटेशन ठीक ढंग से न करना।
10. खेल के दौरान खिलाड़ी द्वारा खेल को छोड़ना।
11. रेफरी के संकेत से पहले सर्विस करना।
12. खेल के नियमों का पालन न करना।
13. सर्विस के दौरान खिलाडी द्वारा अपना स्थान बदलना।
14. सर्विस प्वाइंट से सर्विस न करने पर और सर्विस के समय खिलाड़ी द्वारा पोजीशन बदलना।
15. खिलाड़ी का अपने निश्चित स्थान पर न खेलना।

### 5.2 सर्विस दौरान गलतियाँः-

1. सीटी बजने से पहले सर्विस करना।
2. सर्विस करते वक्त बॉल का एक से अधिक टप्पा डालना।
3. सीटी बजने के बाद निर्धारित समय के बाद सर्विस करना।
4. सर्विस बॉल का नेट को छूना।
5. सर्विस करते वक्त खिलाड़ियों द्वारा स्थान का बदलना।
6. सर्विस करते वक्त बॉल का सर्विस स्थान पर टप्पा न लगना।
7. अंगूठा व उंगलियां खोलना ।
8. सर्विस प्वाइंट से सर्विस न करना ।

## 6. खेल अधिकारी

### 6.1 कुल अधिकारीः-

1. ड्रॉप रोबॉल खेल को नियंत्रित करने वाले एक रेफरी, एक सहायक रेफरी, एक स्कोरर व दो लाइन मैन होते हैं।

## 6.2 अधिकारियों के कर्तव्यः-

1. ओपनिंग टॉस करना और खेल प्रारम्भ करना।
2. गलतियों को जांचना तथा निर्णय लेना कि किस टीम को अंक मिलेगा।
3. सीटी तथा अधिकारिक चिन्हों का प्रयोग करना।
4. खिलाड़ी तथा अन्य के व्यवहार को जांचना, न्याय करना तथा उन्हें दंड देना।
5. मैच में स्कोर तथा सर्विस को नियंत्रण करना।
6. आवश्यकता होने पर रेफरी द्वारा न्यू बॉल का आदेश करना।
7. स्कोर शीट तथा मैच रिकार्ड को भरना।
8. तकनीकी स्थिति (खेल कोर्ट का आकार, गेंद, नेट, लाइनें, लाईट) खेल प्रारम्भ करने के लिए उचित / उपयुक्त हैं या नहीं।
9. यह निर्णय करना कि वर्तमान स्थिति (मौसम, दृश्य आदि) खेलने के लिए संतोषजनक है या नहीं।
10. ड्रैस, लाइन, खेल क्षेत्र, खेल सम्बन्धी प्रबन्धों के अनुसार, मैच का निर्णय करना।
11. प्रतियोगिता के समय में ड्रॉप रोबॉल खेल के नियमों के अनुसार, मैच का निर्णय करना।

## 6.3 रेफरीः-

1. खेल के दौरान रेफरी यह ध्यान रखता है कि टीमें नियमों के अनुसार खेल रही है अथवा नहीं। यदि नहीं खेल रही तो निर्णायक चेतावनी देकर नियमानुसार खेलने के लिए कहना।

## 6.4 सहायक रेफरीः-

1. रेफरी व स्कोरर के कार्यों में सहयोग करना। खिलाड़ियों को बदलना और खिलाड़ी रोटेशन ठीक प्रकार से कर रहे हैं, इस बात का ध्यान रखना।

## 6.5 स्कोररः-

1. स्कोरर का मुख्य कार्य दोनों टीमों द्वारा किए जा रहे हैं स्कोर को अपनी शीट पर लिखना और सर्विस का हिसाब रखना।

## 6.6 लाइन मैनः-

1. मैच के दौरान खिलाड़ियों द्वारा खेली गयी बॉल का खेल मैदान के अन्दर या बाहर गिरने का ध्यान रखना और रेफरी को बताना। लाइन मैन के पास लाल व हरे रंग की झण्डी रहेगी।

## 6.7 पोशाक अधिकारीः-


1. काली पैन्ट, स्काई ब्लू शर्ट, काला कोट, टाई, सफेद जुराबें और काले जूते।

**नोटः-**
1. ड्रॉप रोबॉल टूर्नामेन्ट में जो खिलाड़ी जिस कैटेगरी से खेलेगा उसी के अनुसार प्राप्त किए गए स्थान प्रथम, द्वितीय या तृतीय मैडल दिये जाएगें।
2. प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी का चयन व अन्य खिलाड़ियों का चयन उसके प्रदर्शन अनुसार चयन कमेटी द्वारा किया जायेगा।
3. प्रतियोगिता के दौरान सिंगल, डबल व मिक्स डबल के खिलाड़ियों को सेमी फाईनल में प्रवेश करने पर ब्राउंज मैडल दिया जाएगा।

# 7. अधिकारी सकेत

## 7.1 संकेत:-

1. गेंद कोर्ट से बाहर गिरने पर : कंधो के ऊपर उंगलियां पीछे करना।
2. गेंद का कपड़ों व शरीर के अगों को छूना : हथेली पर हथेली रखना।
3. शरीर से नेट छूने पर : कंधे पर उंगलियां रखना।
4. खेल के दौरान अनुशासनहीनता करने पर : कलाई पकड़ना।
5. गेंद का एक से अधिक टप्पा लगने पर : हथेली को ऊपर–नीचे करना।
6. सर्विस ठीक ढंग से न करना : उंगलियां ऊपर करके घुमाना।
7. टाइम–आउट लेने पर : उंगली पर हथेली रखना।
8. खिलाड़ी बदलने पर : बाजुओं को पकड़ना।
9. कोर्ट बदलने के लिए : हाथों को सामने क्रॉस करना।
10. खेल बंद करने के लिए : हाथों को ऊपर करके क्रॉस करना।
11. जिस टीम ने अंक तथा सर्विस ली हो : उस टीम की ओर हाथ लंबा करके उंगली नीचे की ओर करना।
12. गेंद का लाइन पर गिरना : सीने पर हाथ रखना।
13. न्यू बॉल के लिए : लंबा हाथ करके उंगलियां बंद करना।
14. खिलाड़ी द्वारा खेल के दौरान मैदान छोडने पर : ऊपर की ओर लंबा हाथ खड़ा करना।
15. नेट को टच करके गेंद मैदान से बाहर जाने पर : दाएं हाथ की हथेली को बाएं कंधे पर रखना।
16. बॉल का टप्पा लगने के बाद मैदान से बाहर जाना : सीने के सामने हाथ लंबा करके दाएं हाथ की हथेली को बाएं हाथ पर रखना।
17. बॉल को हवा में खेलना : सीने के सामने हथेलियों को खोलना।
18. बॉल को ठीक ढंग से न खेलना : दाएं हाथ को एल आकार में बनाना।
19. पैर के साथ बॉल को ठीक ढंग से न खेलना: दाएं पैर को ऊपर उठाकर दाएं हाथ की हथेली को घुटने रखना।
20. नई सर्विस के लिए : दोनों हाथों को सीने के सामने लंबा करके अंगूठा ऊपर की ओर करना।
21. तकनीकी ऑफिशियल टाइम–आउट : सिर पर हाथ रखना।
22. सर्विस के समय खिलाड़ी द्वारा स्थान बदलने पर : पैर ऊपर उठाना।
23. खेल के दौरान खिलाड़ी द्वारा स्थान बदलने पर : सीने के सामने लंबा हाथ करके अंगूठा पकड़ना
24. सर्विस के लिए आदेश: सर्विस के दौरान रेफरी सीटी बजाकर हाथ से मैदान की ओर संकेत करेगा।



1



2



3



4



5



6



7



8



9



10



11



12



13



14



15



16



17



18



19



20



21



22



23



24

## 7. शब्दावली

**सर्विस क्षेत्र** – निश्चित स्थान से सर्विस की जाती है। यह सर्विस क्षेत्र कहलाता है।

**रोटेशन** – अंक लेने पर सर्विस करनी पड़ती है, उस टीम के खिलाड़ियों को घड़ी की दिशा में घूमकर अपना स्थान बदलना पड़ता है। इस प्रक्रिया को रोटेशन कहते हैं।

**टच सर्विस** – जब सर्विस की जाती है तथा विरोधी टीम उसे वापस नहीं कर पाता तो उसे टच सर्विस कहते हैं।

**रैली** – बॉल जब खेल में रहती है, तो उस अवधि को रैली कहा जाता है।

**रोब** – जब बॉल खेल में हो, तब खिलाड़ी बॉल को ठीक ढंग से लौटाने में सफल हो तो उसे रोब कहा जाता है।

**सर्विस फॉल्ट** – सर्विस करते हुए खिलाड़ी गलती करता है, तो उसे सर्विस फॉल्ट कहा जाता है।

**सेट** – निश्चित अंक प्राप्त करने पर एक सेट माना जाता है। यदि कोई टीम दो या तीन सेट से जीतती हैं तो वह एक मैच माना जाएगा।

**ड्रॉप फॉल्ट** – खेलते वक्त जब एक से अधिक खिलाड़ी खेल क्षेत्र में एक साथ गेंद से खेलने का प्रयास करते हैं या खिलाड़ी सर्विस करते वक्त गेंद का एक से अधिक टप्पा लगाता है।

**लेट** – अंक लेने के बाद सर्विस करने वाली टीम का खिलाड़ी रोटेशन व सर्विस 5 सेकेण्ड बाद निश्चित समय पर पहुँचता है तो उसे लेट कहा जाएगा।

**नेट टच** – सर्विस की गई गेंद नेट को छूकर विरोधी टीम के क्षेत्र में गिरे तो विरोधी टीम को मिले अंक को नेट टच कहा जाएगा।

## 9. खेल कौशल

**सर्विस** – सर्विस एक अद्भुत कौशल है। अच्छी सर्विस ठीक अंक लेने में का एक माध्यम है ड्रॉप सर्विस, रो सर्विस

**सर्विस को खेलना** – सर्विस को समझकर खेलना भी एक कौशल है। यदि खिलाड़ी विरोधी की सर्विस को नहीं समझ पाएगा, तो मैच जीतना कठिन हो जाएगा।

**ड्रॉपरो** – कोई खिलाड़ी जब गेंद हवा में हो, विरोधी टीम के पास भेजने का प्रयास करता है तो इस प्रक्रिया को ड्रॉपरो कहा जाएगा।

**डाऊन बॉल** – बॉल जब पहुंच से दूर हो तो पैर के पंजे से खेलना डाऊन बॉल कहा जाएगा।

**डॉज** – खिलाड़ी द्वारा बॉल को विरोधी टीम के कोर्ट में खिलाड़ी की पकड़ से दूर नेट के पास इस उद्देश्य से खेला जाता है कि विरोधी उसे खेल न पाए।

**रोबॉल** – इसके अन्तर्गत खिलाड़ी द्वारा ली गई बॉल को नियन्त्रण में रखकर विरोधी के पास भेजना।

**ड्रॉप** – बॉल को जमीन पर उछाल देकर खेलना ड्रॉप कहा जाता है।

**राऊण्ड स्मैश** – खेल के दौरान बॉल जमीन पर टप्पा खाकर ऊपर की ओर उछाल लेती है। उस बॉल को नियन्त्रण करके खिलाड़ी हाथ को घुमाकर हथेली से प्रहार करता है।

# DROP ROBALL SCORE SHEET

## Single / Double / Triple & Mix Double

**AGE GROUP ____________________ (Boys & Girls)**

Team A........................................Team B..............................................

Competition .................................. Place..............................................

Date..............................Match No...........................Ground No ...................

**Toss Win By................................** **Choice: Service/Court**

Player's Name

1. ______________________________
2. ______________________________
3. ______________________________
4. ______________________________
5. ______________________________
6. ______________________________

**Round No.-1**

1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,11,12,13,14

15,16,17,18,19,20,21

Time Out ☐

Sub. In ☐☐ Out ☐☐

**Round No.-2**

1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,11,12,13,14

15,16,17,18,19,20,21

Time Out ☐

Sub. In ☐☐ Out ☐☐

**Round No.-3**

1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,11,12,13,14

15,16,17,18,19,20,21

Time Out ☐

Sub. In ☐☐ Out ☐☐

Player's Name

1 ______________________________

2 ______________________________

3 ______________________________

4 ______________________________

5 ______________________________

6 ______________________________

**Round No.-1**

1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,11,12,13,14

15,16,17,18,19,20,21

Time Out ☐

Sub. In ☐☐ Out ☐☐

**Round No.-2**

1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,11,12,13,14

15,16,17,18,19,20,21

Time Out ☐

Sub. In ☐☐ Out ☐☐

**Round No.-3**

1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,11,12,13,14

15,16,17,18,19,20,21

Time Out ☐

Sub. In ☐☐ Out ☐☐

**Match won by...........................**

Sign. Referee ..................................... Sign. Scorer ..........................................

Name of Referee ............................... Name of Scorer .....................................

Sign. of Coach ................................... Sign. Of Coach .......................................

# DROP ROBALL SCORE SHEET

## SUPER EVENT

**AGE GROUP __________________ (Boys & Girls)**

Team A.......................................Team B.............................................

Competition ................................. Place...............................................

Date...............................Match No..........................Ground No ...............

**Toss Win By...............................** **Choice: Service/Court**

Player's Name

1. ______________________________
2. ______________________________
3. ______________________________
4. ______________________________
5. ______________________________
6. ______________________________
7. ______________________________
8. ______________________________
9. ______________________________

Player's Name

1 ______________________________

2 ______________________________

3 ______________________________

4 ______________________________

5 ______________________________

6 ______________________________

7 ______________________________

8 ______________________________

9 ______________________________

**Round No.-1**

1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,11,12,13,14

15,16,17,18,19,20,21

Time Out ☐

Sub. In ☐☐ Out ☐☐

**Round No.-2**

1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,11,12,13,14

15,16,17,18,19,20,21

Time Out ☐

Sub. In ☐☐ Out ☐☐

**Round No.-3**

1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,11,12,13,14

15,16,17,18,19,20,21

Time Out ☐

Sub. In ☐☐ Out ☐☐

**Round No.-1**

1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,11,12,13,14

15,16,17,18,19,20,21

Time Out ☐

Sub. In ☐☐ Out ☐☐

**Round No.-2**

1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,11,12,13,14

15,16,17,18,19,20,21

Time Out ☐

Sub. In ☐☐ Out ☐☐

**Round No.-3**

1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,11,12,13,14

15,16,17,18,19,20,21

Time Out ☐

Sub. In ☐☐ Out ☐☐

**Round No.-4**

1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,11,12,13,14

15,16,17,18,19,20,21

Time Out ☐

Sub. In ☐☐ Out ☐☐

**Round No.-5**

1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,11,12,13,14

15,16,17,18,19,20,21

Time Out ☐

Sub. In ☐☐ Out ☐☐

**Round No.- 4**

1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,11,12,13,14

15,16,17,18,19,20,21

Time Out ☐

Sub. In ☐☐ Out ☐☐

**Round No.-5**

1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,11,12,13,14

15,16,17,18,19,20,21

Time Out ☐

Sub. In ☐☐ Out ☐☐

**Match won by.........................**

Sign. Referee ....................................

Name of Referee ...............................

Sign. of Coach ...................................

Sign. Scorer ......................................

Name of Scorer .................................

Sign. Of Coach ..................................